**‘सच्चर समिति की सिफारिशों के कार्यान्वयन’ के संबंध में ‘अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री महोदय के 15 सूत्रीय कार्यक्रम’ से जुडे विभिन्न मुद्दों का प्रचार-प्रसार करते हुए सूचना और प्रसारण मंत्रालय के माध्यम एककों द्वारा किए गए प्रचार कार्य पर की गई कार्रवाई संबंधी नोट**

**अक्तूबर 2018 - दिसंबर 2018**

**पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी)**

- पत्र सूचना कार्यालय प्रधानमंत्री महोदय के 15 सूत्रीय कार्यक्रम तथा सच्चर समिति की सिफारिशों के अंतर्गत अल्पसंख्यकों के कल्याण से जुड़े विभिन्न विषयों पर नियमित रूप से विज्ञप्तियों/ फीचर्स का प्रकाशन करता रहा है।
- इसके विभिन्न क्षेत्रों से उक्त विषय पर 255 प्रेस विज्ञप्तियां और 25 वार्तालाप जारी किए गए।

**लोक संपर्क ब्यूरो (बीओसी)**

➢ **विज्ञापन और दृश्य प्रचार निदेशालय (डीएवीपी)**

- यह निदेशालय भारत सरकार की विभिन्न स्कीमों, निधियों, छात्रवृत्तियों आदि का विशेष रूप से उल्लेख करते हुए अल्पसंख्यकों के कल्याण से जुड़े विषय पर इनके लिए उपलब्ध निधियों से अखिल भारतीय आधार पर समय-समय पर विज्ञापन जारी करता रहा है।
- विज्ञापन और दृश्य प्रचार निदेशालय ने उक्त तिमाही के दौरान कई समाचारपत्रों में 7 विज्ञापन जारी किए।
- “भर्ती”, “हुनर हाट”, “छात्रवृत्ति”, “उस्ताद”, “मुशायरा”, “हुनर के उस्ताद का मेला” और “प्रस्ताव आमंत्रण सूचना” जैसे विषयों पर समाचारपत्र विज्ञापन जारी किए गए।
- “हुनर हाट प्रदर्शनी” के माध्यम से दिल्ली में दिनांक 14.11.2018 से 27.11.2018 तक और मुंबई में दिनांक 21.12.2018 से 31.12.2018 तक क्रमश: 9,22,713 रुपए और 52,54,275 रुपए के एक प्रतिबद्ध व्यय के साथ बाह्य प्रचार अभियान का आयोजन किया गया।
- डीएवीपी ने उक्त तिमाही के लिए डिजिटल सिनेमा, आउटडोर मीडिया, प्राइवेट एफएम तथा टीवी से जुड़े विषय पर कोई अभियान/प्रचार नहीं किया था।

➢ **क्षेत्रीय प्रचार निदेशालय (डीएफपी)**

- क्षेत्रीय प्रचार निदेशालय के क्षेत्रीय प्रचार एककों ने देश के विभिन्न भागों में अल्पसंख्यकों के कल्याण तथा सच्चर समिति की सिफारिशों के कार्यान्वयन हेतु प्रधानमंत्री महोदय के नए 15 सूत्रीय कार्यक्रम की थीम पर कई प्रचार-प्रसार कार्यक्रमों का आयोजन किया है।
- अभियान का मुख्य बल सरकार की फ्लैगशिप स्कीमों अर्थात ‘स्वच्छ भारत मिशन’, ‘बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ’, ‘सुकन्या समृद्धि योजना (एसएसवाई)’, ‘दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना’, ‘प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई)’, ‘प्रधानमंत्री सामाजिक सुरक्षा

योजना', 'ग्रामीण विद्युतीकरण योजना', 'बदलता भारत', 'स्किल इंडिया: कौशल भारत-कुशल भारत' और 'आयुष्मान भारत' को उजागर करना था।

- निदेशालय ने लक्षित दर्शकों के साथ नियोजित कार्यकलापों में स्थानीय भाषाओं में समूह चर्चाओं, प्रश्नोत्तरी सत्रों, सार्वजनिक बैठकों, रैली, क्विज प्रतियोगिता, फिल्म शोज जैसे विभिन्न फॉर्मेटों का उपयोग किया।
- निदेशालय ने सरकार की स्कीमों पर फिल्म शोज़, समूह चर्चाओं, फोटो प्रदर्शनी आदि सहित लगभग 573 कार्यकलापों का आयोजन किया।
- निदेशालय ने उक्त तिमाही के दौरान देश भर में कई अल्पसंख्यक बहुल गांवों में अपने प्रचार कार्यक्रमों के जरिए 195 गांवों और 106 हजार से अधिक लोगों (लगभग) को सरकारी नीतियों की जानकारी देने का कार्य किया।

**<u>गीत और नाटक प्रभाग</u>**

- गीत और नाटक प्रभाग ने लाइव मीडिया जैसे नाटक, लोक गीत, कठपुतली कला आदि के जरिए दूरस्थ तथा ग्रामीण क्षेत्रों में कई कार्यक्रमों को प्रस्तुत किया है।
- अल्पसंख्यकों के कल्याण तथा सच्चर समिति की रिपोर्ट के कार्यान्वयन के लिए प्रधानमंत्री महोदय के नए 15 सूत्रीय कार्यक्रम की मुख्य विशेषताओं से जुडे संदेशों का प्रभावी ढंग से संचार करने हेतु इन कार्यक्रमों को स्थानीय भाषाओं तथा बोलियों में प्रस्तुत किया जाता है।
- उक्त प्रभाग ने तिमाही के दौरान 542 प्रचार-प्रसार कार्यक्रम प्रस्तुत किए थे।

**<u>आकाशवाणी</u>**

- सभी आकाशवाणी केंद्रों ने 'अल्पसंख्यकों के कल्याण' पर समुचित कार्यक्रम तैयार करके उक्त विषय का व्यापक प्रचार-प्रसार किया।
- विभिन्न फॉर्मेटों का प्रयोग किया गया जिसमें वार्ता, कंपेरिंग, सीधी चर्चा, साक्षात्कार, स्पॉट्स/जिंगल्स कार्यक्रम आदि शामिल थे।
- कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य 15 सूत्रीय कार्यक्रम तथा सच्चर समिति की रिपोर्ट के विभिन्न घटकों के बारे में जागरुकता में वृद्धि करना था।
- उक्त तिमाही के दौरान आकाशवाणी केंद्रों द्वारा कुल 438 कार्यक्रमों का प्रसारण किया गया।

**<u>दूरदर्शन</u>**

- देशभर के विभिन्न दूरदर्शन केंद्र विभिन्न फार्मेटों के माध्यम से सच्चर समिति की सिफारिशों के कार्यान्वयन और अल्पसंख्यकों के कल्याण हेतु प्रधानमंत्री महोदय के नए 15 सूत्रीय कार्यक्रम पर कार्यक्रमों का प्रसारण करते हैं।
- कार्यक्रमों के फॉर्मेटों में स्टूडियो आधारित टॉक, विचार-विमर्श वार्ता, लाइव फोन-इन, साक्षात्कार, सफलता की कहानियां, क्षेत्र आधारित कार्यक्रम, संगीत, साप्ताहिक समाचार आदि शामिल हैं।

*****

## सूचना और प्रसारण मंत्रालय

## अक्तूबर 2018 से दिसंबर 2018 तक की राज्य-वार तिमाही प्रगति रिपोर्ट (क्यूपीआर)

| क्र. सं. | राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के नाम | बीओसी (डीएफपी) द्वारा आयोजित कार्यकलापों की संख्या | पीआईबी द्वारा आयोजित वार्तालापों की संख्या | आकाशवाणी द्वारा प्रसारित कार्यक्रमों की संख्या | बीओसी (गीत और नाटक प्रभाग) द्वारा प्रसारित कार्यक्रमों की संख्या | बीओसी (डीएवीपी) द्वारा प्रिंट मीडिया पर प्रतिबद्धता राशि (रु. में) | दूरदर्शन द्वारा प्रसारित कार्यक्रमों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार | - | - | - | - | 18,185 | - |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 27 | 1 | - | - | 1,23,785 | - |
| 3 | तेलंगाना | | - | - | - | 1,77,521 | - |
| 4 | अरुणाचल प्रदेश | 16 | - | 1 | - | 40,370 | - |
| 5 | असम | 30 | 1 | - | 90 | 1,61,509 | 19 |
| 6 | बिहार | 18 | 1 | - | 65 | 4,29,448 | - |
| 7 | चंडीगढ़ | 0 | - | - | - | 1,70,741 | - |
| 8 | छत्तीसगढ़ | 8 | - | - | - | 3,16,798 | 7 |
| 9 | मध्य प्रदेश | 7 | 1 | - | - | 7,70,879 | - |
| 10 | दादरा और नगर हवेली | - | - | - | - | 31,854 | - |
| 11 | दमन और दीव | - | 1 | - | - | 26,335 | - |
| 12 | गुजरात | 26 | - | 252 | 1 | 7,61,374 | 22 |
| 13 | जम्मू और कश्मीर | 0 | 1 | 3 | - | 2,79,860 | 3 |
| 14 | झारखंड | 0 | - | - | 92 | 3,29,943 | - |
| 15 | कर्नाटक | 135 | 1 | - | 159 | 6,11,445 | 5 |
| 16 | केरल | 74 | 1 | - | 105 | 3,83,952 | 15 |
| 17 | लक्षद्वीप | | - | - | - | 0 | - |
| 18 | महाराष्ट्र | 0 | 1 | 37 | - | 11,71,341 | 4 |
| 19 | गोवा | | 1 | - | - | 86,383 | - |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 20 | मिजोरम | 74 | 1 | 24 | - | 27,595 | - |
| 21 | मेघालय | | - | - | - | 46,611 | 3 |
| 22 | त्रिपुरा | | 2 | 11 | - | 57,174 | - |
| 23 | नागालैंड | 66 | - | - | - | 45,802 | - |
| 24 | मणिपुर | | 1 | - | - | 44,911 | - |
| 25 | पंजाब | - | 1 | 5 | - | 3,99,414 | 8 |
| 26 | हिमाचल प्रदेश | | - | - | - | 49,704 | 4 |
| 27 | हरियाणा | | 1 | - | - | 72,327 | - |
| 28 | दिल्ली | | - | - | 14 | 35,43,772 | 3 |
| 29 | ओडिशा | 0 | - | 6 | - | 2,85,304 | 12 |
| 30 | पुद्दुचेरी | - | - | - | - | 85,998 | - |
| 31 | राजस्थान | 0 | - | - | - | 7,52,857 | - |
| 32 | तमिलनाडु | 27 | 3 | 6 | 16 | 7,70,544 | - |
| 33 | उत्तराखंड | 0 | 1 | 7 | - | 1,70,024 | - |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 52 | 2 | 55 | - | 22,62,188 | 11 |
| 35 | पश्चिम बंगाल | 13 | 2 | 32 | - | 7,58,080 | 4 |
| 36 | सिक्किम | | 1 | - | - | 40,375 | - |